Statement—III

T.A. Earned by Officers of RDSO and By DG/RDSO during the last six months monthwise

Month	Expenditure on T. A.		
	Officers	DG	Total
	Rs. P.	Rs. P.	Rs. P.
February, 1981	35,420.00	350.00	35,770.00
March, 1981	35.220.00	370.00	35,590.00
April, 1981	26,990.00	310.00	27,300.00
May, 1981	30,770.00	380.00	31,150.00
June, 1981	26,150.00	240,00	26,390.00
July, 1981	28,988.30	470.00	29,458.30
Total :	1,83,538.30	2,120.00	1,85,658.30

बयाना और कोटा के बीच पैसेंजर गाड़ियों का विलम्ब से चलना

2617. श्री चतुर्भुज : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1981 से 15 जुलाई, 1981 तक बयाना और कोटा के बीच चल रही पैसेंजर गाड़ियां कितने दिन कोटा में समय पर पहुंची थीं और कितने दिन समय पर नहीं पहुँची थीं, और

(ख) उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप - मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जनवरी से जुलाई, 81 (15 ता॰ तक) 92 अप बीना-कोटा सवारी गाड़ी 196 दिनों में से 89 दिन कोटा स्टेशन पर ठीक समय पहुंची थी, जबकि 94 अप सवारी गाड़ी 131 दिनों में से 85 दिन कोटा स्टेशन पर ठीक समय पहुंची थी।

(ख) इन गाड़ियों के देरी से चलने का कारण बीना से देरी से छूटना, यांत्रिक खराबी, नियंत्रण अवरोध, खतरे की जंजीर खींचना और गाड़ियों का समय पर मेल न होना आदि जैसे कारण हैं।

लालगंज स्टेशन पर यात्री गाड़ियों का देरी से आना

2618. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे की 1 ए॰ यू॰ सी॰ इलाहाबाद-कानपुर यात्री गाड़ी का लालगंज स्टेशन (रायबरेली) पर पहुंचने का निर्धारित समय 20-32 बजे है तथा 2 आर॰ सी॰ रायबरेली-कानपुर यात्री गाड़ी का लालगंज स्टेशन (रायबरेली) पर पहुंचने का निर्धारित समय 19-35 बजे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि ये दोनों गाड़ियां पिछले ढाई साल से चार-चार घन्टे देरी से चल रही हैं;

(ग) यदि हां, तो उसका सही कारण क्या है; और

(घ) रेल मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं कि ये गाड़ियां समय से चलें ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप-मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) 1 ए॰ यू॰ सी॰ पैसेंजर और 2 आर॰ सी॰ पैसेंजर गाड़ी का लालगंज स्टेशन में पहुंचने का निर्धारित समय क्रमशः 20.48 और 19.42 बजे है।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) : विगत में बदमाशों द्वारा खतरे की जंजीर खींचने और होस पाइप अलग करने की घटनाओं के कारण 1 ए॰ यू॰ सी॰ और 2 आर॰ सी॰ पैसेंजर गाड़ियों का चालन संतोषप्रद नहीं रहा। इस बुराई की रोकथाम करने के लिए, इन गाड़ियों से खतरे के जंजीर के उपकरण निष्क्रिय कर दिये गये हैं और बदमाशों को पकड़ने के लिए टिकटों की जांच करने के अभियान चलाये गये हैं।

मैसर्स बूटस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड, बम्बई द्वारा घटिया दवाओं का निर्माण

2619. श्री निहाल सिंह : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री मै॰ बूटस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड, बम्बई द्वारा घटिया दवाओं का निर्माण के बारे में 19 मार्च, 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4269 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स बूट्स कम्पनी (इण्डिया) लिमिटेड, बम्बई द्वारा कृत्रिम दवाओं के निर्माण के सम्बन्ध में वांछित जानकारी एकत्र कर ली गई है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीहार रंजन लस्कर) : (क) और (ख) : अपेक्षित सूचना अब मिल गई है और यह सभा पटल पर अलग से रखी जा रही है।

Stagnation of T.G.T in Delhi

2620. SHRI MADHAVRAO SCINDIA : Will the Minister of EDUCATION AND SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) the number of Trained Graduate Teachers in the various schools in Delhi including those in aided schools who have already reached the maximum of their pay-scale as on July 1, 1981 ;

(b) the number of those teachers who have been stagnating at this stage for three years or more; and

(c) what steps are contemplated to remove the stagnation and to provide them a recurrent incentive for efficient work ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRIES OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE (SHRIMATI SHEILA KAUL) : (a) Delhi Administration, N.D.M.C. and K. V. S. have reported as under :—

Delhi Administration	3180
N.D.M.C.	23
K.V.S.	70

(b) Delhi Administration	1559
N.D.M.C.	8
K.V.S.	18

(c) 20% of posts which are permanent as well as temporary posts which have been in existence for